उपलब्धि

मंजिलें क्या है, रास्ता क्या है ? हौसला हो तो फासला क्या है...

मशहूर शायर मिर्जा गालिब की ये पंक्तियां नौकायन में रजत जीतकर एशियन गेम्स के लिए अपना टिकट फाइनल करने वाले मेरठ के पैरा खिलाड़ी कपिल पर सटीक बैठती है। उन्होंने मुश्किलो के समंदर को अपने हौसले से पार किया और पैरा खिलाड़ियों के लिए मिसाल कायम की।

पोलियो को मात देकर कपिल ने जीता रजत

मेरठ, संवाददाता। मेरठ के सरधना तहसील के दबथुवा गांव के किसान सुभाष चंद्र शर्मा के परिवार में जन्मे कपिल तीन बहन भाइयों में सबसे छोटे हैं। बड़ी बहन मवाना के धनपुर गांव निवासी सूबेदार कपिल शर्मा से विवाहित हैं, जबकि छोटी बहन की शादी जानी थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में हुई है। कपिल के बहनोई सूबेदार कपिल शर्मा ने बताया कि 3 साल की उम्र में ही कपिल पोलियो ग्रस्त हो गए थे। रविवार को भोपाल में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में रजत मेडल हासिल कर न केवल उन्होंने एशियन गेम्स का टिकट फाइनल किया बल्कि नौकायन में उत्तर प्रदेश से मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।

बहनोई ने किया प्रेरित

वर्ष 2018 में कपिल के बहनोई कपिल शर्मा ने उसे प्रेरित किया तो उन्होंने नौकायन खेल में करियर बनाने की ठान ली। इसी वर्ष दिल्ली में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया। वर्ष 2019 में उत्तराखंड से खेलते हुए मध्यप्रदेश के भिंड में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 2020 में कोरोना के चलते चैंपियनशिप आयोजित नहीं हुई। -इसके बाद 2021 में भिंड में ही आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर हंगरी में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए उनका चयन किया गया, लेकिन कोरोना के चलते कैंप निरस्त कर दिया गया। अब उन्होंने भोपाल में सिल्वर मेडल प्राप्त कर थाइलैंड में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। यदि एशियन चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा तो वह जून में हंगरी में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

ब्रांड प्रोटेक्टर्स टीम ने की छापेमारी

मेरठ। नौचंदी थाना पुलिस ने ब्रांड प्रोटेक्टर्स इंडिया प्राइवेट की टीम के साथ सूरज कुंड स्थित एक प्रिंटर्स फैक्ट्री में छापेमारी की। टीम ने यहां से लाखों रुपये के स्पोर्ट्स ब्रांड निविया, कॉस्को, एसजी और विक्की के डुप्लीकेट पैकिंग बॉक्स व पैकेजिंग सामग्री बरामद की। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोमवार को ब्रांड प्रोटेक्टर्स इंडिया प्राइवेट गुड़गांव से कंपनी के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह नौचंदी थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि सूरज कुंड पर डीके सिंह, शिव प्रिंटर्स के नाम से फैक्ट्री चला रहा है। जहां पर ब्रांडेड स्पोर्ट्स कंपनियों के नाम से डुप्लीकेट पैकिंग बाक्स और पैकेजिंग सामग्री बनाई जा रही है।

शहर 30 S

पीड़ितों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे विधायक अतुल प्रधान।

विधायक अतुल पहुंचे एसएसपी ऑफिस

मेरठ। सपा विधायक अतुल प्रधान सतावा गांव के लोगों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचे। उन्होंने शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि पुलिस दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। चुनाव परिणाम आते ही कुछ दबंग लोगों ने एक पक्ष के साथ मारपीट कर दी थी।

पल्लवपुरम में हुई फायरिंग, युवक को गोली लगी

मोदीपुरम। पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में जनता कॉलोनी में गाली गलौज का विरोध करने पर दो युवकों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस दौरान पैर में गोली लगने से अनमोल नामक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को तलाश किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए। परिजनों ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है।

नायरा पेट्रोल पंप का शुभारंभ हुआ

मेरठ। रविवार को यूनिक सर्विस स्टेशन पर पूरा ऑटोमैटिड नायरा पेट्रोल पंप का शुभारंभ ऐरिया सेल्स मैनेजर सुशांत मिश्रा ने किया। इस पंप पर तेल की गुणवत्ता व माप नायरा कंपनी की देख रेख में व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित आदेशों के तहत रहेगी।

दोस्तों ने योजना बनाकर युवक को लूटा

ढंकरखेड़ा। क्षेत्र में रविवार देर शाम एक युवक ने साथियों संग मिलकर अपने ही दोस्त के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने पीड़ित को गन प्वाइंट पर लेकर डराया धमकाया। सैनिक विहार कॉलोनी निवासी शिवम ने पुलिस को बताया कि वह कई दिनों से नया मोबाइल लेने की तैयारी कर रहा था। उसके दोस्त ने रविवार को उसे फोन दिलाने की बात कही।

यूक्रेन से लौटे छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू

5 जगह 5 रिपोर्टर

मेरठ। यूक्रेन से किसी तरह देश वापस लौटे छात्रों को चिंता थी कि आखिर उनकी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कैसे होगी। इनके लिए राहत भरी खबर है। सोमवार से अधिकांश छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो गई।

01 घंटे का छात्रों को ऑनलाइन क्लास में लंच के लिए ब्रेक भी दिया गया

04 क्लासें चलती थीं यूक्रेन में मेडिकल के छात्र विधु यादव ने बताया

दो और छात्र यूक्रेन से मेरठ लौटे

खैरनगर

मेरठ। परिवार में खुशियां यूक्रेन में फंसे मेरठ के खैरनगर निवासी जानिम इनाम और शांतिनगर निवासी जासिम भी यूक्रेन से वतन वापस आ गए। इन दोनों छात्रों के परिवारों में पहुंचते ही खुशी का माहौल छा गया। दोनों ने लौटकर वहां के मंजर को बयां किया। दोनों छात्रों को परिवार ने गले से लगा लिया।

अफसर।

शोएब चौधरी।

श्रुति मलिक।

पहले दिन तीन क्लासें हुईं : विधु

रोहटा रोड

ढंकरखेड़ा। रोहटा रोड गोल्ड कोस्ट निवासी आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव के बेटे विधु यादव ने बताया कि उनकी भी ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो गई है।

विधु ने बताया कि सोमवार से शुरू हुई ऑनलाइन पढ़ाई में दो-दो घंटे की तीन क्लासें हुईं। आमतौर पर यूक्रेन में चार क्लासें होती थीं। सोमवार को पहले दिन तीन क्लासें हुईं। इसमें सभी बच्चे शामिल हुए।

www.livehindustan.com

टॉप ट्रेंडिंग खबरें
www.livehindustan.com पर सबसे ज्यादा देखी-पढ़ी गई खबरों को पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

टॉप वीडियो
www.livehindustan.com पर जारी शीर्ष नवीनतम वीडियो को देखने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

टॉप पॉडकास्ट
www.livehindustan.com के शीर्ष नवीनतम पॉडकास्ट सुनने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

मुस्कान भी पढ़ाई में जुटी ट्रस्ट ने किया सम्मान

केसरगंज

मेरठ। केसरगंज निवासी मोहम्मद अय्याज सिद्दीकी की बेटी मुस्कान सिद्दीकी को हिन्दुस्तान को बताया कि सोमवार से उनकी ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो गई। वहीं यूक्रेन से लौटी मुस्कान सिद्दीकी का शेख अल्वी यमनीगर चुने वाले वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से स्वागत और सम्मान किया गया। मुस्कान के पिता मोहम्मद अय्याज सिद्दीकी, अम्मी शहबा जमाल के साथ बहन और भाई को भी सम्मानित किया।

युद्ध के चलते जहां से छूटी पढ़ाई वहीं से हुई शुरू

मोदीपुरम

मोदीपुरम। रुड़की रोड स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी श्रुति मलिक कुछ दिन पहले ही यूक्रेन से अपने घर वापस लौटी है। सोमवार दोपहर को 2:30 बजे ऑनलाइन क्लास से पढ़ाई की। यूक्रेन में युद्ध की स्थिति के चलते जहां से पढ़ाई छूट गई थी। वहीं से दोबारा क्लास शुरू कर दी गई है।

एक हफ्ते पहले ही शिक्षकों ने दी थी क्लास की जानकारी

सरस्वती विहार रोहटा रोड

ढंकरखेड़ा। रोहटा रोड स्थित सरस्वती विहार निवासी शुभाशीष यूक्रेन में इंडानो फ्रांसिस मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने बताया कि यूक्रेन से लौटने के बाद भी अपने कॉलेज के शिक्षकों के संपर्क में हैं। एक हफ्ते पूर्व शिक्षकों ने ऑनलाइन क्लास शुरू होने की बात बता दी थी। सोमवार से ऑनलाइन क्लास शुरू हो गई है। क्लास सुबह आठ से शाम आठ बजे तक चलती है। ऑनलाइन क्लास में दोपहर के समय एक घंटे का लंच ब्रेक होता है।

युवती से छेड़छाड़, एक आरोपी दबोचा

मेरठ। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की युवती के साथ मोहल्ले के कुछ युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। वहीं फतेहउल्लापुर में भी महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। लिसाड़ी क्षेत्र की एक युवती हापुड़ रोड पर नर्सिंग होम में कर्मचारी है। युवती ने बताया कि मोहल्ले के कुछ युवक उसे छेड़छाड़ करते हैं।

वहीं हरिद्वार से आ रही युवती से मोदीपुरम फ्लाईओवर के पास 2 बदमाशों ने पर्स छीनने का प्रयास किया। पास खड़े राहगीरों ने एक बदमाश को दबोच लिया।

परीक्षा देने आए छात्रों के 35 मोबाइल चोरी

हंगामा

मेरठ/जानीखुर्द। हिन्दुस्तान टीम। बागपत रोड स्थित एक निजी कॉलेज में सोमवार को परीक्षा देने आए करीब 35 छात्र-छात्राओं के मोबाइल और पर्स एक साथ चोरी हो गए। परीक्षा समाप्त होने के बाद इसका पता लगा तो छात्रों ने हंगामा कर दिया। कॉलेज गेट पर धरना देकर बैठ गए। बाद में कॉलेज प्रशासन ने पुलिस बुलाकर छात्रों को गेट से हटाया। छात्रों ने तहरीर दी है।

बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्रों की परीक्षा के लिए इस कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सोमवार को छात्र-छात्राएं यहां परीक्षा देने सुबह 10 बजे पहुंचे। परीक्षा कक्ष में मोबाइल और पर्स एक साथ चोरी हो गए। परीक्षा समाप्त होने के बाद इसका पता लगा तो छात्रों ने हंगामा कर दिया। कॉलेज गेट पर धरना देकर बैठ गए। बाद में कॉलेज प्रशासन ने पुलिस बुलाकर तहरीर दी है।

> छात्रों के मोबाइल व पर्स चोरी की घटना हुई है। पुलिस टीम को सीसीटीवी की जांच के लिए लगाया गया है। मोबाइल नंबर सर्विलांस टीम को दिए हैं ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके।
> – संजय वर्मा, इंस्पेक्टर जानी।

छात्र बाहर आए तो सभी स्कूटी और बाइक की डिग्गी के लॉक टूटे थे। इसके अंदर रखे मोबाइल फोन, पर्स और कुछ छात्राओं के कानों की बाली गायब थी। सभी छात्रों के पर्स में करीब दस हजार की नकदी बताई गई है। इस पर छात्रों ने हंगामा कर दिया और कॉलेज प्रशासन को जानकारी दी। कॉलेज प्रशासन ने जिम्मेदारी से इंकार किया तो छात्र धरने पर बैठ गए। पुलिस ने छात्रों को गेट से हटाया और आश्वासन दिया कि उनके मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाए जा रहे हैं। जल्द मिल जाएंगे।

हादसा : फैक्ट्री का गेट गिरा एक की मौत, तीन घायल

मेरठ, चरिख संवाददाता। मोहकम्पुर स्थित एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में सोमवार को लोहे का गेट गिर गया। इसके नीचे दबने से कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई, जबकि तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया।

टीपीनगर थाना क्षेत्र के मोहकम्पुर में श्रीराम ट्रांसफार्मर कंपनी है। इसमें ब्रह्मपुरी निवासी संजय कुमार सैनी (54) मैनेजर के पद पर तैनात थे। सोमवार शाम करीब चार बजे फैक्ट्री में लगा लोहे का गेट गिर गया। इसके नीचे मैनेजर समेत चार लोग दब गए। टीपीनगर पुलिस ने किसी तरह गेट हटवाकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। कुछ देर बाद ही उपचार के दौरान मैनेजर संजय की मौत हो गई, जबकि मुकेश पाल निवासी रिठानी, गंगा राम निवासी रिठानी, संजय निवासी अंबेडकर पार्क मलियाना की हालत गंभीर है।

मोबाइल सर्विलांस की मदद से हमलावरों की तलाश

डीन वेटरनरी पर हमला

दौराला, संवाददाता। मोदीपुरम कृषि विश्वविद्यालय में डीन वेटरनरी पर हमले के मामले में पुलिस 72 घंटे में भी कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस केवल मोबाइल सर्विलांस के जरिए घटना के खुलासे में जुटी हुई है। वहीं घटना के पीछे कृषि विवि का अंदरूनी मामला और पारिवारिक विवाद भी माना जा रहा है।

चर्चा है कि शुक्रवार की शाम कृषि विश्वविद्यालय से घर वापस लौटने के दौरान कार सवार डीन वेटरनरी डॉ राजवीर सिंह पर बाइक सवार दो हमलावरों ने फायरिंग कर दी थी और फरार हो गए थे। छात्रों ने गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद पुलिस हाईवे पर आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर घटना के खुलासे में जुट गई है, लेकिन 72 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटनास्थल से पुलिस ने बीटीएस उठाया है जिसमें छानबीन के दौरान 2 दर्जन से अधिक मोबाइल नंबर को पुलिस ने सर्विलांस पर लिया है। घटना के खुलासे को दौराला पुलिस के अलावा सीओ दौराला की टीम, एसओजी और एसपी क्राइम की टीमें भी लगाई गई हैं।

- कई मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लिए गए
- घायल के सहयोगी की भी जुटाई जा रही डिटेल

छात्रों ने किया हंगामा

मोदीपुरम। कृषि विवि में डीन डॉ. राजवीर सिंह पर हुए हमले के विरोध में छात्रों ने सोमवार दोपहर कृषि विवि में हंगामा कर दिया। छात्रों ने विवि में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने और सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर कुलपति को ज्ञापन दिया। पुलिस अधिकारियों से खुलासे की मांग की। सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर कुलपति को ज्ञापन दिया। मुकुल यादव, सौरभ यादव, डॉ अंकुर, डॉ चांद गहलोत, डॉ सागर सिवाच, आकांक्षा नागर, साक्षी मौजूद रहे।

बद्धे की दुकानों पर चलेगा बुलडोजर

मेरठ। मुख्य संवाददाता। चांटेड बदन सिंह बद्धे की कब्जा की जमीन पर बनी दुकानों पर एमडीए का बुलडोजर चलेगा। बदन सिंह बद्धे और उसके साथियों ने टीपीनगर इलाके के ट्रांसपोर्टनगर जगन्नाथपुरी में यह दुकानें बनाकर करोड़ों की कीमत में बेची थी। इन्हीं दुकानों के संबंध में पुलिस ने कुछ माह पूर्व एमडीए को रिपोर्ट भेजी थी। जांच के बाद दुकानें अवैध पाई गई।

बदन सिंह यूपी का मोस्ट वांटेड अपराधी है। बदन सिंह बद्धे वर्ष 2019 से फरार है। बदन सिंह की पंजाबी पुरा स्थित कोठी पर मेरठ पुलिस और एमडीए ने पिछले साल बुलडोजर चलाया था और ध्वस्तीकरण किया था। इसी दौरान जांच में पता चला कि बदन सिंह ने ट्रांसपोर्टनगर के पास ही जगन्नाथपुरी में पार्क की जमीन पर साथियों के साथ मिलकर कब्जा किया था। इसी करोड़ों की कीमत वाली जमीन पर बाद में दुकानें बनाकर बेच दी गई थी। इन्हीं दुकान को लेकर मेरठ पुलिस की ओर से एमडीए को एक पत्र भेजा गया था और जांच शुरू हुई थी। जांच के दौरान दुकानें अवैध पाई गई।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
जब कहीं न हो आराम तो हमसे ले समाधान
बेऔलाद, बवासीर, शराब छुड़ायें, शीघ्रपतन रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
G.A.M.S. (Ayurvedacharya), D.U.M. (Unani), M.D. (TCM)
मिलें हर बुधवार मेरठ हापुड़ अड्डा 9837023223

शराब छुड़वायें
शराब छुड़वायें वो भी सिर्फ 7 दिनों में, अगर आप सभी जगह की दवाई खिला कर थक चुके हैं तो एक बार संपर्क करें।
हर नशे का आयुर्वेदिक सफल इलाज
शराब, चरस, स्मैक, अफीम, भांग, गांजा, फ्लूड आदि का नशा छुड़वायें
दुर्गा आयुर्वेदा सलाह फ्री 9917617243 7466062052

कार्यालय आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, मेरठ।

पत्रांक : 1291 /लेखा0/आलू बीज नीलामी/2021-22 दिनांक:– 14/03/2022

–: आलू बीज नीलामी सूचना :–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2021–22 में राजकीय आलू बीज संवर्धन प्रक्षेत्र पलेड़ा, मेरठ पर उत्पादित आधारित प्रथम एवं द्वितीय आलू बीज की किर्री, कट–फट तथा डी–ग्रेडड आलू की नीलामी दिनांक 21.03.2022 को अपरान्ह: 01.00 बजे राजकीय प्रक्षेत्र, पलेड़ा, मेरठ पर आयोजित की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता के द्वारा धरोहर राशि रू0–50,000/– प्रक्षेत्र प्रभारी के पास दिनांक 21.03.2022 के अपरान्ह: 12.45 बजे तक जमा करनी होगी। नीलामी से सम्बन्धित विवरण/नीलामी हेतु आलू बीज की मात्रा तथा नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में सर्किट हाउस परिसर में स्थित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी,
मेरठ।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता मेरठ वृत्त लो0नि0वि0 मेरठ ।

पत्रांक 548/11 कैशियर (प्रा0ख0, मेरठ)/ मे0वृ0/21–22 दिनांक 09.03.2022

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के ई–निविदा सूचना संख्या 56/11 कैशियर (प्रा0ख0, मेरठ)/ मे0वृ0/2021–22 दिनांक 07.01.2022 एवं ई–निविदा सूचना संख्या 57/11 कैशियर (प्रा0ख0, मेरठ)/मे0वृ0/2021–22 दिनांक 07.01.2022 के द्वारा जो निविदाए दिनांक 10.01.2022 से 15.01.2022 को सायं 4.00 बजे तक अपलोड/ सबमिट की जानी थी एवं तकनिकी बिड दिनांक 15.01.2022 को 5.00 बजे ऑन लाइन खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणो से यह निविदा दिनांक 16.03.2022 से 22.03.2022 को सायं 4.00 बजे तक अपलोड/सबमिट की जानी थी एवं तकनिकी बिड दिनांक 22.03.2022 को 5.00 बजे ऑन लाइन खोली जायेगी एवं निविदा में नियमानुसार जमानत धनराशि देय होगी। **ई–निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।**

(अतुल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मेरठ।

(रवीन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मेरठ वृत्त, लो0नि0वि0
मेरठ।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना निविदा विशिष्टीकरण संख्या:–35/वि0जा0वि0नि0/मेरठ/2021–22 के अन्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, रनौली, मेरठ पर स्थित अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मेरठ की क्षतिग्रस्त विद्युत की मरम्मत कराने सम्बन्धी कार्य। निविदा मूल्य रू0 1,180.00 (जीएसटीए सहित) धरोहर धनराशि रू0 2,100.00। निविदा विशिष्टीकरण संख्या:–36/वि0जा0वि0नि0/मेरठ/2021–22 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु आवासीय कालोनी विक्टोरिया पार्क, मेरठ के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। निविदा मूल्य रू0 3,540.00 (जीएसटीए सहित) धरोहर धनराशि रू0 25,000.00। निविदा विशिष्टीकरण संख्या:–37/वि0जा0वि0नि0/मेरठ/2021–22 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित विभिन्न कार्यालयों भवनों एवं परिसर के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। निविदा मूल्य रू0 1,180.00 (जीएसटीए सहित) धरोहर धनराशि रू0 10,000.00। उपरोक्त सम्बन्धित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित है, जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 29.03.2022 समय दोपहर 12.00 बजे तक एवं निविदा के प्रथम मण्ड खोलने की तिथि दिनांक 29.03.2022 समय साय 02:30 बजे के पश्चात है। विस्तार से सभी जानकारी एवं संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना हेतु www.pvvnl.org एवं E-Tendering website www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें।" "बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर: 1800–180–3002 (मेरठ) एवं 1800–180–8752 (लखनऊ) पर दें।" अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) मेरठ। राष्ट्र हित में बिजली बचायें पत्रांक 351 दिनांक 14.03.2022

अभियान | डीएफओ बोले- घड़ियालों के लिए यहां का हैबिटेट अच्छा

उत्तराखंड तक पहुंचे मेरठ के घड़ियाल

एक्सक्लूसिव

■ सलीन अहमद

मेरठ। हस्तिनापुर सेंचुरी इलाके में गंगा में पिछले करीब 11 साल में छोड़े गए करीब 800 घड़ियालों को लेकर अच्छी खबर है। संरक्षण के चलते गंगा में लगातार घड़ियालों की संख्या बढ़ रही है। मेरठ में गंगा में छोड़े गए घड़ियाल उत्तराखंड तक पहुंच गए। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में ये गंगा में सैकड़ों किलोमीटर तक सैर कर रहे हैं। ये जल प्रदूषण को दूर करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

जानकार कहते हैं कि 70 के दशक में ये सिर्फ दो सौ के करीब रह गए। 1974 में सरकार और वन विभाग ने घड़ियालों के संरक्षण व पुनर्वास के प्रयास शुरू किए तो 30 वर्षों में संख्या बढ़कर 15 सौ के करीब हो गई। वर्ल्ड वाइड फंड और वन विभाग की तरफ से हस्तिनापुर सेंचुरी से घड़ियालों का संरक्षण किया गया। घड़ियाल पुनर्वास केंद्र कुकरैल लखनऊ में घड़ियाल के अंडों को संरक्षित किया जाता है।

> पिछले दिनों घड़ियालों की गिनती की गई। यहां छोड़े घड़ियालों की लोकेशन उत्तराखंड और सूबे के कई जिलों तक गंगा में सैकड़ों किलोमीटर क्षेत्र में मिली। माना जा रहा है कि हस्तिनापुर में छोड़े बहुत से घड़ियाल आगे चले गए हैं। फिलहाल बिजनौर बैराज से ब्रजघाट तक साढ़े तीन मीटर लंबाई वाले करीब 40 व्यस्क घड़ियाल मिले हैं इससे साबित होता है कि यहां अच्छा हैबिटेट और अच्छी ग्रोथ है–राजेश कुमार, डीएफओ

ओवरब्रिज से गिरा बाइक सवार, मौत

मेरठ/परतापुर। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर टोल प्लाजा से पहले तेज रफ्तार बाइक सवार ओवरब्रिज से गिर गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने हेलमेट नहीं लगा रखा था।

लालकुर्ती निवासी वसीम (25) पुत्र सगीर अहमद सोमवार दोपहर बाइक से दिल्ली में एक शादी समारोह में जा रहा था। परिवार के कुछ सदस्य कार में आगे चल रहे थे। मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर काशी टोल-प्लाजा से पहले तेज रफ्तार के कारण वसीम की बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक रेलिंग से टकराने के बाद वसीम ओवरब्रिज से करीब 30 मीटर नीचे जा गिरा। हादसे में वसीम की मौके पर ही मौत हो गई। युवक ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। इसकी जानकारी होते ही परिजन भी कार लेकर वापस पहुंच गए।